कला शिक्षा — 1

प्रत्येक प्रश्न संख्या के अन्तर्गत दिए गए विकल्पों में से आपने जिस प्रश्न को उत्तर देने के लिए चुना है, उसके आगे बने बॉक्स पर निशान (✓) अवश्य लगाएँ अन्यथा आपका उत्तर अमान्य हो सकता है।

प्रत्येक प्रश्न के लिए अधिकतम अंक 5 हैं।

1. ''कला बस स्कूल के स्थापना दिवस, वार्षिक दिवस, गणतंत्र दिवस या स्कूल निरीक्षण के दौरों के अवसर पर प्रदर्शन की वस्तु बनकर रह गई है। इन अवसरों के पहले या बाद, स्कूल में विद्यार्थियों को कला से दूर ही रखा जाता है।'' कला के उद्देश्यों का उल्लेख करते हुए उपरोक्त कथन का विश्लेषण करें। ☐

अथवा

''कला अध्ययन की दिशा में प्रोत्साहित किए जाने की बजाए हमारी शिक्षा व्यवस्था विद्यार्थियों और सृजनात्मक दिमागों को कलाओं को अपनाने से हतोत्साहित करती है।'' कैसे ? उदाहरण देकर समझाएँ। ☐

2. दृश्य कला के प्रमुख प्रकारों को द्विविमीय तथा त्रिविमीय श्रेणी में वर्गीकृत करें तथा उनमें से किसी एक कला को लेकर विषय-आधारित उदाहरण के साथ यह बताएँ कि प्राथमिक स्तर के शिक्षण में उसे कैसे उपयोग में लाया जा सकता है। ☐

अथवा

प्रदर्शन कला के प्रमुख प्रकारों का उल्लेख करें तथा उनमें से किन्हीं दो कलाओं को लेकर विषय-आधारित उदाहरण के साथ यह बताएँ कि प्राथमिक स्तर के शिक्षण में उन्हें उपयोग में लाया जा सकता है। ☐

3. ''कला शिक्षा सांस्कृतिक विरासत और विविधता को समझने तथा उसकी निरन्तरता को बनाए रखने का उपयुक्त साधन है।'' कैसे ? कुछ कलाओं का उदाहरण देकर समझाएँ। ☐

अथवा

सीखने-सिखाने की प्रक्रिया में कला का समावेश क्यों आवश्यक है ? प्राथमिक स्तर के बच्चों के विकास को ध्यान में रखते हुए कुछ उदाहरणों के साथ अपना उत्तर दें। ☐

4. दृश्य कला एवं चित्रकला में प्रयोग करने योग्य कुछ स्वत: सुलभ वस्तुओं की एक सूची बनाएँ तथा उनका प्रयोग आप अपने विषय-शिक्षण में किस प्रकार कर सकते हैं ? कुछ उदाहरण देकर समझाएँ। ☐

अथवा

बिहार के कम से कम चार लोक कलाओं का संक्षिप्त परिचय दें। उनमें से किसी एक लोककला से अपने विद्यालय के विद्यार्थियों को अवगत कराने के लिए एक योजना का निर्माण करें। ☐